लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3840
11 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

मध्य प्रदेश में वस्त्र उद्योग का संवर्धन

3840. श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पीएम मित्रा मेगा टेक्सटाइल पार्क योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश में कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत की गई परियोजनाओं का कार्यान्वयन किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास रतलाम-झाबुआ और अलीराजपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में कपड़ा और परिधान उद्योग, कपड़ा क्लस्टरों, रेडीमेड गारमेंट विनिर्माण इकाइयों तथा हथकरघा और जनजातीय कपड़ा शिल्पों को बढ़ावा देने का कोई विशेष प्रस्ताव है;

(घ) क्या पीएम मित्रा योजना के अंतर्गत युवाओं, महिलाओं और जनजातीय कारीगरों के कौशल विकास, निवेश को आकर्षित करने और रोजगार सृजन के लिए कोई विशेष पहल की जा रही है; और

(ङ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और विशेष रूप से रतलाम, झाबुआ और अलीराजपुर सहित मध्य प्रदेश के लिए प्रस्तावित निवेश, अपेक्षित रोजगार सृजन और भविष्य की कार्ययोजना क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) और (ख): वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए एकीकृत बड़े पैमाने पर और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के लिए, सरकार ने वर्ष 2021-22 से वर्ष 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (PM MITRA) पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्कों की स्थापना के लिए धार, मध्य प्रदेश में एक साइट सहित 7 साइटों को अंतिम रूप दिया है।

अब तक, 20,126 करोड़ रुपए की निवेश अभिरूचि प्राप्त हुई है और वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पार्क को 50 करोड़ रुपये की भारत सरकार की हिस्सेदारी जारी की गई है।

परियोजना की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है:

- माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 17 सितंबर, 2025 को शिलान्यास किया गया।
- 100% भूमि का अधिग्रहण किया गया, पर्यावरण मंजूरी (EC) प्राप्त की गई।
- केंद्र और राज्य सरकार के बीच संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। एसपीवी को शामिल किया गया।

- भूमि SPV के नाम पर हस्तांतरित कर दी गई है।
- पीएम मित्र पार्क मध्य प्रदेश के लिए 2,063 करोड़ रुपये की DPR की मंजूरी दी गई है।
- मुख्य अवसंरचना के लिए EPC अनुबंध प्रदान किया गया है और साइट पर काम शुरू हो गया है। अब तक, 61.62 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है।

(ग): वस्त्र मंत्रालय मध्य प्रदेश सहित देश भर में हथकरघा क्षेत्र और हथकरघा कामगारों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहा है:

1. राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (NHDP);
2. कच्ची सामग्री आपूर्ति योजना (RMSS);

उपर्युक्त योजनाओं के तहत, पात्र हथकरघा एजेंसियों/कामगारों को कच्ची सामग्री, उन्नत करघों और सहायक उपकरणों की खरीद, सोलर लाइटिंग यूनिट, वर्कशेड के निर्माण, कौशल विकास, उत्पाद विविधीकरण और डिजाइन नवाचार, तकनीकी और सामान्य अवसंरचना, इंडिया हैंडलूम ब्रांड (IHB), हैंडलूम मार्क (HLM) और GI टैग के माध्यम से प्रचार और ब्रांड विकास, ई-कॉमर्स सुविधाएं, घरेलू/अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग, बुनकर मुद्रा योजना के तहत रियायती ऋण और सामाजिक सुरक्षा आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

(घ) और (ङ): पीएम मित्र योजना के तहत समर्पित कौशल विकास केंद्र का प्रावधान है। वस्त्र मंत्रालय समर्थ (वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना) के माध्यम से मांग-आधारित, प्लेसमेंट-उन्मुख कौशल कार्यक्रम प्रदान करता है ताकि अखिल भारतीय आधार पर संगठित क्षेत्र में कताई और बुनाई को छोड़कर, संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को कवर करते हुए, संगठित वस्त्र और संबंधित क्षेत्रों में रोजगार सृजित करने में भारतीय वस्त्र उद्योगों के प्रयासों को पूरा किया जा सके। दिनांक 05.08.2026 तक, मध्य प्रदेश राज्य में कुल 24,959 लाभार्थियों को प्रशिक्षित (उत्तीर्ण) किया गया। वस्त्र मंत्रालय अन्य संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और संबंधित राज्य सरकारों के साथ मिलकर धार सहित सभी 7 पीएम मित्र पार्कों में युवाओं और महिलाओं के कौशल विकास के लिए विभिन्न पहल करने की प्रक्रिया में है।

पीएम मित्र पार्क, धार, मध्य प्रदेश के पूरा होने पर धार और नजदीकी जिलों के व्यक्तियों सहित लगभग 3 लाख व्यक्तियों (1 लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष) के लिए रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

***